भारत सरकार
नागर विमानन मंत्रालय
लोक सभा
लिखित प्रश्न संख्या : **801**
दिनांक 17 सितम्बर , 2020 / 26 भाद्रपद, 1942 (शक) को दिया जाने वाला उत्तर

यात्री सेवा शुल्क में बढ़ोतरी

801. डॉ. संजीव कुमार शिंगरी:

क्या **नागर विमानन मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :
(क) क्या सरकार का कोविड-19 के कारण यात्री सेवा शुल्क में वृद्धि करने का प्रस्ताव है क्योंकि कोविड-19 के कारण उड़ानों का प्रचालन कम हो गया है; और
(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

नागर विमानन मंत्रालय में राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) (श्री हरदीप सिंह पुरी)

(क) और (ख): जी नहीं। यात्री सेवा शुल्क (पीएसएफ) के दो घटक है: पीएसएफ (सुरक्षा घटक) [PSF(SC)] एवं पीएसएफ (सुविधा घटक) [PSF(SC)]। पीएसएफ (एससी) जिसे अब विमानन सुरक्षा शुल्क (एएसएफ) कहा जाता है,का उपयोग हवाईअड्डों पर सुरक्षा संबंधी व्यय को पूरा करने के लिए किया जाता है। विमानन सुरक्षा शुल्क (ASF) 01 जुलाई 2019 से क्रियान्वित किया गया है जिसके अंतर्गत विमान पर चढ़ने वाले अंतर्देशीय यात्रियों से 150/- रुपये एवं अंतरराष्ट्रीय यात्रियों से 4.85/- अमेरिकी डॉलर वसूल किया जाता है। एएसएफ में संशोधन, सीपीआई-आईडब्ल्यू (औद्योगिक कार्यकर्ता के लिए उपभोक्ता मूल्य सूचकांक संख्या) के आधार पर वार्षिक मुद्रास्फीति के साथ जुड़ा हुआ है और यह NASFT (राष्ट्रीय विमानन सुरक्षा शुल्क ट्रस्ट) की सिफारिश के आधार पर किया जाता है जो विमानन सुरक्षा शुल्क का प्रबंधन करता है। दिनांक 01.09.2020 से विमानन सुरक्षा शुल्क (ASF) की दरों को संशोधित करके प्रति घरेलू यात्री 150 / - से बढ़ाकर 160 / - रूपए और प्रति अंतर्राष्ट्रीय यात्री 4.85 अमेरिकी डॉलर से बढ़ाकर 5.20 अमेरिकी डॉलर कर दिया गया है। एएसएफ का वार्षिक संशोधन 01 जुलाई 2020 को होने वाला था, लेकिन कोविड-19 महामारी को देखते हुए, इसे स्थगित कर दिया गया और संशोधित दर 01.09.2020 से लागू कर दी गई है।;
पीएसएफ (एफसी) का उपयोग, यात्रियों की यात्रा सुविधाजनक बनाने/उन्हें सुविधाएं प्रदान करने के लिए किया गया था, जिसे AERA द्वारा प्रमुख हवाईअड्डों (भारतीय विमानपत्तन आर्थिक विनियामक प्राधिकरण (AERA) एक्ट 2008) के अंतर्गत स्थगित कर दिया गया है और इसका उपयोगकर्ता विकास शुल्क (UDF) के साथ विलय कर दिया गया है। प्रमुख हवाईअड्डों के अलावा अन्य हवाईअड्डों पर पीएसएफ (एफसी) का उपयोग, यात्री सुविधाएं प्रदान करने के लिए किया जा रहा है।

*****